## संक्षिप्त

### डॉ. प्रवीण भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बने

पावटा, (निसं)। डॉ. प्रवीण कुमार आर्य का भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट के पद पर चयन हुआ। वहीं सेना के लेफ्टिनेंट का पद मिलने पर डॉ. प्रवीण कुमार के परिवार में खुशी का माहौल है।



डॉ. प्रवीन कुमार

डॉ. प्रवीण कुमार के पिता हजारी लाल आर्य निवासी भूरी भडाज सेवानिवृत अध्यापक है वही माता बीना देवी गृहिणी है। सेना के लेफ्टिनेंट का पद मिलने पर डॉ. प्रवीण कुमार के परिजन की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। डॉ. प्रवीण कुमार ने बताया इस सफलता में मेरे माता पिता और परिवार के अन्य सदस्यों का विशेष योगदान रहा है।

### विमल जौला को पितृशोक

निवाई, (निसं)। जैन समाज धर्म प्रचारक विमल जौला को पितृ शोक हुआ है। धर्म प्रचारक विमल जौला के पिता प्रमुख समाजसेवी स्व. सूरजमल जैन पाटनी जौला के निधन हो जाने से संपूर्ण जैन समाज में शोक की लहर दौड गई।



स्व. सूरजमल जैन

स्व. सूरजमल जैन पाटनी एक सरल स्वभाव के व्यक्ति थे। उनका अधिकतम समय देव शास्त्र व गुरू एवं स्वाध्याय में व्यतीत रहता था। वह परम भक्त, व्यवहार कुशल, मिलनसार व प्रभावशाली व्यक्तित्व के धनी थे। उल्लेखनीय है कि स्व. जैन को आचार्य विवेक सागर महाराज, मुनि शुद्धसागर महाराज व अनुपमसागर महाराज ने चार प्रकार का आहार का त्याग करवाया एवं णमोकार मंत्र सुनाया। विमल जौला ने बताया कि तीये की बैठक सोमवार को गंगा-जमना गर्डन में आयोजित होगी।

### जितेंद्र डांगरा भाजपा मंडल अध्यक्ष

सांभरझील, (निसं)। भाजपा के जितेंद्र डांगरा को सांभर मंडल अध्यक्ष पद पर पुन: नियुक्ति प्रदान की गई है साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पार्टी पदाधिकारियों ने उन्हें खास जिम्मेदारी भी सौंपी है।



जितेंद्र डांगरा

डांगरा को अध्यक्ष नियुक्त करने पर पूर्व विधायक निर्मल कुमावत, पार्षद धर्मेंद्र जोपट, एडवोकेट दिव्याराजवीर गुर्जर, विष्णु कुमार सिंघानिया, पार्षद गौतम सिंघानिया कायस्थ समाज के शैलेश माथुर, पार्षद सुशीला शर्मा, नेता प्रतिपक्ष अनिल कुमार गट्टानी, राजेश पारीक, संतोष सांभरिया, चंद्रप्रकाश सैनी, पूर्व अध्यक्ष विनोद सांभरिया, राजेंद्र अगवाल, प्रेमचंद माली सहित अनेक ने हर्ष व्यक्त किया है।

### राशन डीलर कार्यकारिणी गठित

पावटा, (निसं)। ब्लॉक राशन डीलर संघ की बैठक का आयोजन उपखंड कार्यालय पावटा के पास किया गया। पावटा ब्लाक राशन डीलर की बैठक में राशन डीलर कार्यकारिणी का गठन किया गया। उपस्थित सदस्यों ने बैठक में सभी पदों के लिए सर्वसम्मति से कार्यकारिणी निर्वाचन का निर्णय लिया। सर्वसम्मति से कार्यकारिणी में अध्यक्ष पद पर जगदीश सुरेला सुदरपुरा, उपाध्यक्ष पद पर शिव कुमार पावटा, कोषाध्यक्ष पद पर मुरारी लाल ठीकरीया, सचिव पद पर नरेश चन्द ललाना को चुना गया। बैठक में तहसील पावटा के सभी ग्राम पंचायतों के डीलरों के साथ ही नगरपालिका परिक्षेत्र के 26 डीलरों ने भाग लिया।

### सुंदरकांड पाठ का आयोजन

मनोहरपुर, (निसं)। शाहपुरा में शनिवार को शिव धर्म प्रचार मंडल के तत्वाधान में साप्ताहिक सामुहिक दिव्य सुंदरकांड के पाठ रामगोपाल, विजय बंसल के निवास स्थान पर सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में लक्ष्मण सिंह, प्रकाश शर्मा, मेघराज झालानी, पवन टेलर, मिथलेश शर्मा आदि सैकड़ों भक्त उपस्थित रहे।

# तबियत खराब होने पर सीएल लेने गई शिक्षिका से प्रधानाचार्य ने मारपीट की

- खेड़की वीरभान के बोहरा श्री रामजी लाल यादव राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय का मामला
- शिक्षिका की तबीयत बिगड़ी, अस्पताल में उपचार जारी



कोटपूतली में मारपीट की घटना के बाद पुलिस ने मामले की छानबीन की।

कोटपूतली, (निसं)। जिला कोटपूतली बहरोड के बोहरा श्री रामजी लाल यादव राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खेडकी वीरभान में एक ऐसा मामला सामने आया है जहां स्वयं की तबीयत खराब होने पर सीएल लेने गई एक वरिष्ठ महिला शिक्षिका के साथ महिला संस्था प्रधान ने पहले रजिस्टर उठाकर मारा और फिर दोनों अध्यापिकाएं एक दूसरे से गुथ्मगुत्था हो गई। पूरा स्टाफ व बच्चे इस नजारे को देखते रहे। घटना के बाद पीड़ित अध्यापिका की तबीयत बिगड गई।

इस पर विद्यालय स्टाफ ने उसे कोटपूतली के राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां अध्यापिका का उपचार जारी है। वही मौके पर जांच के लिए पहुंची कोटपूतली थाना पुलिस को स्टाफ ने बताया कि संस्था प्रधान आए दिन ज्यादती करती हैं और संस्था प्रधान की मनमानी के चलते विद्यालय स्टाफ व विद्यार्थी परेशान हैं। विद्यालय स्टाफ ने संस्था प्रधान पर जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल कर स्टाफ को अपमानित करने का आरोप भी लगाया है।

इधर पीड़ित अध्यापिका सन्नी तंवर ने बताया कि प्रधानाचार्य अनीता मीणा ने उन्हें रजिस्टर व थप्पडों से मारा। जिससे उनके चेहरे व हाथ पर खरोंच आई है। वह तबीयत खराब होने पर बीडीएम अस्पताल में इलाज ले रही है। पीडित अध्यापिका ने बताया कि वह विद्यालय में वरिष्ठ अध्यापिका के पद पर कार्यरत हैं। तबीयत खराब होने की वजह से वह मैडम से सीएल मांगने आई थी। जिस पर प्रधानाचार्य अनीता मीणा का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया। प्रधानाचार्य ने रजिस्टर उठाकर वरिष्ठ अध्यापिका सन्नी तंवर पर दे मारा। इसके बाद अध्यापिका की आवाज सुनकर विद्यालय स्टाफ पहुंचा तो एक अध्यापिका ने इसका का वीडियो बनाने की कोशिश की तो प्रधानाचार्य ने अध्यापिका का मोबाइल फोन छीन कर उसे जमीन पर गिराकर तोड दिया।

घटना के बाद विद्यालय स्टाफ संगीता, रेखा, सुनील, कविता, अनीता, निशा, राकेश व लल्लू राम ने विभागीय अधिकारियों को घटना से अवगत कराया व कोटपूतली पुलिस थाने को सूचना दी। जिस पर पुलिस ने आकर मामले की जांच भी की। घटना पर विद्यालय स्टाफ व पीडित अध्यापिका की ओर से थाने में रिपोर्ट दी गई है। इधर विद्यालय में इस शर्मसार घटना की खबर जैसे ही गांव वालों तक पहुंची। गांव में रोष का माहौल है व शिक्षा विभाग से संबंधित प्रधानाचार्या पर कार्यवाही की मांग की गई है।

इस संबंध में सीबीईओ भागीरथ मीणा का कहना है कि प्रधानाचार्य द्वारा एक महिला शिक्षिका के साथ मारपीट को लेकर स्कूल स्टाफ से उन्हें फोन पर जानकारी मिली थी शीघ्र ही तथ्यात्मक जांच करवा कर विभागीय कार्यवाही की जायेगी। वहीं इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी रामसिंह यादव से बात करनी चाही तो उन्होंने ने अपना फोन उठाना मुनासिफ नहीं समझा।

### बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक परीक्षा

श्रीमाधोपुर, (निसं)। नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अन्तर्गत राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान द्वारा रविवार को सत्र 2023-24 में द्वितीय चरण की बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता परीक्षा 2024 का आयोजन किया गया। विनोद कुमार शर्मा कार्यवाहक मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी श्रीमाधोपुर ने बताया कि ब्लॉक में सत्र 2023-24 में कुल 940 लर्नर्स (15 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के असाक्षर) पंजिकृत हैं जिनमें जिला साक्षरता एवं सतत् शिक्षा अधिकारी सीकर द्वारा द्वितीय चरण 340 लर्नर्स को 17 मार्च रविवार को परीक्षा में बैठाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। सांवरमल नरेडिया ब्लॉक समन्वयक साक्षरता ने बताया कि ब्लॉक में लर्नर्स की सुविधानुसार कुल 25 परीक्षा केन्द्र बनाये गये जिन पर प्रात: 10 बजे से सांय 5 बजे तक परीक्षा आयेजित की गई, जिसमें 87 पुरुष एवं 236 महिलाओं सहित कुल 323 ने परीक्षा दी है।

# पांच दिवसीय खुला सत्रीय कार्यक्रम संपन्न

- विकसित भारत रैली निकाल सार्वजनिक स्थानों पर सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया





प्रतियोगिताओं में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

किशनगढबास, (निसं)। भारतीय टीचर्स ट्रेंनिंग कॉलेज में पांच दिवसीय खुला सत्रीय कार्यक्रम का समापन समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉक्टर रितेश कुमार शर्मा व अध्यक्ष डॉ अरविंद अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया।

पांच दिवसीय खुला सत्रीय कार्यक्रम के दौरान विकसित भारत रैली सार्वजनिक स्थानों पर साफ सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिए जाने सहित अनेक जागरूकता के संदेश दिए जाने के लिए आयोजन किए गए। इस समापन समारोह कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना व स्वागत गान से किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में एकल नृत्य प्रतियोगिता, समूह नृत्य प्रतियोगिता एवं विचित्र वेशभूषा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

एकल नृत्य प्रतियोगिता शिव तांडव, घूमर, श्री कृष्ण गोविंद हरे मुरारी, घर मोरे परदेसिया, आदि गानों पर प्रस्तुति दी गई। जिसमें स्वामी विवेकानंद सदन के छात्र अभिषेक के शिव तांडव को सभी ने खूब सराहा। समूह प्रतियोगिता में सभी सदनों से दो समूहों ने भाग लिया। समूह नृत्य प्रतियोगिता में प्रतिभागी छात्र छात्राओं द्वारा कान्हा सो जा जरा, अरे द्वारपालों कन्हैया से कह दो, मेरा जूता है जापानी एवं विभिन्न संस्कृति को दर्शाते पैरोडी सॉन्ग पर अत्यंत मन भावन प्रस्तुति दी गई। विचित्र वेशभूषा प्रतियोगिता में लुहारी, रानी पद्मावती, जोधाबाई और स्वच्छता का संदेश देने वाली प्रस्तुति को दर्शकों द्वारा खूब पसंद किया गया। एकल नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर स्वामी विवेकानंद सदन के अभिषेक एवं द्वितीय स्थान पर रानी लक्ष्मीबाई सदन के शुभम रहे। समूह नृत्य प्रतियोगिता में कल्पना चावला सदन प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर कल्पना चावला सदन के ही प्रतिभागी रहे। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में कल्पना चावला सदन की अंजलि प्रथम एवं द्वितीय लक्ष्मी बाई सदन की अन्नू रही। प्रतियोगिताओं में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। पुरस्कार प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं में अभिषेक, शुभम, अंजलि, अन्नू, मुस्कान, इशिका, निशा, प्रियंका, पुष्पराज, अवधेश कुमार, यश रोघा, लक्ष्मी, शिवकुमार रहे। निर्णायक मंडल में रवीना सचदेवा, सुश्री राखी कंवर रही। कार्यक्रम में डॉ नीलम शर्मा, भावना शर्मा, मीनाक्षी जोशी, रेनू यादव, क्षमता वासु, जसपाल एवं समस्त प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे। मंच संचालन डॉ रितु बाला चौहान एवं एसएस यादव ने किया।

# आठ विधानसभाओं के 18 लाख 92 हजार 354 वोटर चुनेंगे दौसा सांसद

- दौसा में 1965 मतदान केंद्र, 886 क्रिटिकल बूथ

दौसा/लालसोट, (निसं)। लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो चुकी है। इसे लेकर रविवार को जिला निर्वाचन अधिकारी देवेंद्र कुमार ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं मीडिया के साथ बैठक में आचार संहिता की पालना एवं प्रावधानों से रूबरू करवाने को लेकर चर्चा की।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोकसभा चुनाव में दौसा जिले के पांच विधानसभा क्षेत्र, अलवर जिले की थानागाजी विधानसभा एवं जयपुर जिले की चाकसू व बस्सी विधानसभा क्षेत्र के मतदाता दौसा लोकसभा सीट के लिए होने वाले चुनाव में अपने मत का प्रयोग करेंगे। इन आठों विधानसभा क्षेत्रों में कुल मतदाता संख्या 18 लाख 92 हजार 354 है, जो अपने वोट का प्रयोग करते हुए दौसा का सांसद चुनेंगे। इन मतदाताओं में पुरूष मतदाता 9 लाख 99 हजार 939 तथा महिला मतदाता 8 लाख 92 हजार 410 व थर्ड जेण्डर मतदाता की संख्या 5 है। लोकसभा क्षेत्र की आठ विधानसभाओं में कुल 1965 मतदान केंद्र हैं, जिनमें ग्रामीण मतदान केंद्र 1735 तथा शहरी मतदान केंद्र 230 हैं। दौसा लोकसभा क्षेत्र की आठों विधानसभाओं पर नजर डाले तो लालसोट विधानसभा क्षेत्र में कुल 2 लाख 55 हजार 954 मतदाताओं में एक लाख 36 हजार 135 पुरुष, एक लाख 19 हजार 818 महिला व एक वोटर ट्रांसजेंडर है। बस्सी विधानसभा क्षेत्र में कुल 2 लाख 33 हजार 774 वोटर्स में से एक लाख 21 हजार 481 पुरुष व एक लाख 12 हजार 293 महिला वोटर हैं। चाकसू विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 31 हजार 80 वोटर्स में से एक लाख 20 हजार 437 पुरुष व एक लाख 10 हजार 643 महिला वोटर हैं। थानागाजी विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 20 हजार मतदाताओं में एक लाख 18 हजार 94 पुरुष तथा एक लाख 2 हजार 760 महिला वोटर हैं। बांदीकुई विधानसभा क्षेत्र में कुल 2 लाख 22 हजार 407 वोटर हैं, जिनमें एक लाख 17 हजार 239 पुरुष, एक लाख 5 हजार 167 महिला व एक ट्रांसजेंडर वोटर हैं। महुवा विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 20 हजार 906 कुल मतदाता हैं। जिनमें एक लाख 18 हजार 158 पुरुष, एक लाख 2 हजार 746 महिला व 2 ट्रांसजेंडर वोटर हैं। सिकराय विधानसभा क्षेत्र में कुल 2 लाख 63 हजार 677 मतदाताओं में एक लाख 40 हजार 79 पुरुष, एक लाख 23 हजार 598 महिला वोटर हैं। दौसा विधानसभा क्षेत्र में कुल 2 लाख 43 हजार 702 मतदाताओं में एक लाख 28 हजार 316 पुरुष, एक लाख 15 हजार 385 महिला व एक वोटर ट्रांसजेंडर है। वहीं विभिन्न उपखंड क्षेत्र में आचार संहिता उल्लंघन करने वाली राजनीतिक प्रचार सामग्रियों को हटाने का कार्य भी शुरू किया गया है। दूसरी और लालसोट उपखंड मुख्यालय पर उपखंड अधिकारी नरेंद्र कुमार मीणा एवं नवनियुक्त डिप्टी एसपी उदय सिंह मीणा व तहसीलदार अमितेश मीणा द्वारा उपखंड कार्यालय में आचार संहिता से संबंधित पुलिस अधिकारी एवं कार्मिकों की एक बैठक ली गई एवं किस तरह से आचार संहिता की पालना करनी है एवं इसी के साथ आचार संहिता को लेकर अवैध वस्तुओं के आवागमन पर किस तरह निगरानी रखनी है संबंधित जानकारी दी गई।

# लोकसभा चुनावों को लेकर कलेक्टर ने निर्देश जारी किए



डॉ. सौम्या झा

टोंक, (निसं)। लोकसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी (कलेक्टर) डॉ. सौम्या झा ने आदर्श आचार संहिता एवं लोकसभा आम चुनाव-2024 को लेकर विभिन्न निर्देश प्रदान किये है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि जिले के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों के किसी भी तरह के अवकाश (मातृत्व, चाइल्ड केयर लीव एवं पूर्व में स्वीकृत मेडिकल अवकाश को छोडकर) कलेक्ट्रेट कार्यालय में बनाए गए कार्मिक प्रकोष्ठ के प्रभारी अधिकारी की अनुमति के बिना स्वीकृत नहीं किये जाएं। चुनाव प्रक्रिया के दौरान अधिकारी एवं कर्मचारी अधोहस्ताक्षरकर्ता की अनुमति के बिना मुख्यालय नहीं छोडेगे एवं सभी कार्मिक अपने मोबाईल एवं दूरभाष नंबर चालू रखेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्देशों की अवहेलना किये जाने पर संबंधित कार्मिकों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के तहत राजकीय कार्मिकों का राजनीतिक गतिविधियों में भाग लेने पर प्रतिबंध है। चुनाव में समस्त राजकीय कार्मिक निष्पक्ष रहें एवं चुनाव के दौरान होने वाली किसी भी तरह की राजनीतिक गतिविधियों में भाग नहीं लेंवे। उन्होंने बताया कि कलेक्ट्रेट कार्यालय की बिना अनुमति के किसी भी अधिकारी एवं कर्मचारी को कार्य ग्रहण एवं कार्यमुक्त नहीं किया जाएगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने आदर्श आचार संहिता के प्रभावी रहने तक सभी सरकारी, सार्वजनिक एवं निजी स्थानों पर किसी भी प्रत्याशी एवं आमजन द्वारा बिना स्वीकृति लगाई जाने वाली प्रचार सामग्री जैसे दीवार लेखन, पोस्टर, बैनर, पंपलेट समेत अन्य प्रकार की प्रचार सामग्री को प्रतिबंधित किया है। उन्होंने बताया कि बिना अनुमति के किसी भी स्थान पर, पोस्टर, बैनर, पंपलेट समेत अन्य प्रकार की प्रचार सामग्री पाई जाती है तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी।

# लोकसभा चुनाव में अफवाह फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई : वृत्ताधिकारी

- फुलेरा पुलिस व बीएसएफ के जवानों ने फ्लैग मार्च किया



स्थानीय पुलिस बल व बीएसएफ के जवानों ने कस्बा व उसके आसपास के गांवों में फ्लैग मार्च किया।

फुलेरा, (निसं)। आगामी लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने को लेकर प्रशासन जुट गया है। इसको लेकर स्थानीय पुलिस थाना क्षेत्र में प्रात: 10 बजे वृताधिकारी सांभरलेक सारिका खण्डेलवाल व फुलेरा थानाधिकारी बाबूलाल मीणा के नेतृत्व बीएसएफ के जवानों नें फ्लैग मार्च किया।

फुलेरा थानाधिकारी बाबूलाल मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि स्थानीय पुलिस बल व बीएसएफ के जवानों के द्वारा कस्बा व उसके आसपास के गांवों में फ्लैग मार्च किया। इस दौरान फुलेरा थाना परिसर से रवाना होकर गांधी चौक, गणगौरी बाजार, हलवाई बाजार, इन्दिरा मार्केट, ज्योतिबा फुले सर्किल, बालाजी बायपास रोड, जोबनेर रोड, बस स्टैण्ड, पांच बत्ती चौराहा सहित थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले आस पास के क्षेत्रों में फ्लैग मार्च किया गया।

इस दौरान लोगों को भरोसा दिलाया कि आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन हर तरह से तैयार है। साथ ही आगे बताया कि किसी भी अफवाह पर ध्यान न देते हुए अफवाह फैलाने वाले की सूचना तत्काल पुलिस को देने हेतु प्रेरित किया। इस दौरान वृत्ताधिकारी सांभरलेक सारिका खंडेलवाल ने कहा कि क्षेत्रवासियों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी अफवाह पर ध्यान न देते हुए अफवाह फैलाने वाले की सूचना तत्काल पुलिस को देने हेतु प्रेरित किया। इस दौरान पुलिस बल द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चैकिंग की गयी तथा लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाते हुए उनसे शांति, सहयोग व सौहार्द्र बनाये रखने की अपील की गयी। इसी क्रम में जवानों ने भी स्थानीय लोगों को अफवाह पर ध्यान न देते हुए अफवाह फैलाने वाले लोगों की सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस को देने हेतु प्रेरित किया। इस दौरान पुलिस बल व बीएसएफ के अधिकारी एवं जवान उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### रास्ता भटक गई बच्ची को पुलिस ने परिजनों से मिलाया



पावटा, (निसं)। कस्बे में ऑपरेशन खुशी वी के तहत थाना प्रागपुरा पुलिस टीम ने रास्ता भटकी हुई एक बच्ची को उसके परिजनों से मिलाकर परिवार में खुशियां लौटाई। जिला पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा ने बताया कि गुमशुदा बच्चों की शीघ्र बरामदगी व रास्ता भटके बच्चों को उनके परिजनों से मिलाने के लिए चलाए जा रहे अभियान ऑपरेशन खुशी वी के तहत शुक्रवार को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटपुतली नेम सिंह के निर्देशन व वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर रोहित सांखला के सुपरविजन मे प्रागपुरा थाना प्रभारी राजेश मीणा के नेतृत्व मे गठित पुलिस टीम द्वारा अपनी दादी के साथ पावटा सीएचसी दवाई लेने आई गुमशुदा बालिका की तलाश शुरू करते हुए त्वरित कार्यवाही करते हुए पावटा प्रागपुरा मे अनेको जगह सीसी टीवी फुटेज खंगालते हुए, होटलो व ढाबो व खाटू श्याम जी के जाने वाले पदयात्रियों की भीड में सादा कपडों में पुलिसकर्मियों को लगाकर गहनता से तलाश करते हुए 3 घंटों में नाबालिग बच्ची को दस्तयाब कर उसके परिजनों के सुपुर्द किया। अपनी बच्ची को सकुशल पाकर परिजन खुशी से फूले नहीं समा रहे हैं और पुलिस की भूरी-भूरी प्रशंसा कर रहे हैं।

### मोरेल बांध की मुख्य नहरें खोलने की मांग

बौंली-बामनवास, (निसं)। राजस्थान किसान सभा जिला सवाईमाधोपुर की शाखा की ओर से सवाई माधोपुर जिला मुख्यालय के महावीर पार्क में 17 मार्च रविवार को मोरेल डैम की मुख्य नहरे खोले जाने की मांग को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव रामगोपाल गुणसारिया ने की एवं वशिष्ठ अतिथि किसान सभा के जिला सचिव कालूराम मीणा थे। बैठक में उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए किसान सभा के सवाई माधोपुर जिला अध्यक्ष कांजी मीणा ने बताया कि 11 मार्च से किसान फसल सिंचाई को लेकर मोरेल डैम की नहरे खोले जाने की मांग कर रहा है लेकिन अब तक भी नहरें नहीं खोली गई है जिससे गेहूं की फसलों को नुकसान हो रहा है। किसान नेता ने क्षेत्रीय सांसद, विधायक एवं मंत्री पर भी किसानों की वाजिब मांग को अनदेखा करने का आरोप लगाते हुए बताया कि किसान व मजदूर ऐसे लोगों को वोट देकर कुर्सी देते हैं इन लोगों ने इस बारे में एक शब्द भी नहीं बोला अब सभी किसान एकत्रित होकर सोमवार को प्रात: 10 बजे जिला कलेक्टर को एक चेतावनी भरा पत्र देकर नहरे नहीं खोले जाने पर कोटा-लालसोट मेगा हाईवे पर एकत्रित होकर मांग करने के लिए अवगत कराया जाएगा। बैठक में खेत मजदूर यूनियन के जिला अध्यक्ष भरत लाल मीणा, महिला फेडरेशन की महासचिव शबनम बानो, किसान सभा के जिला उपाध्यक्ष छोटेलाल बैरवा, रईस अहमद अंसारी व रामधन बैरवा सहित अनेको किसान उपस्थित थे।

### फागोत्सव में झूमे श्रद्धालु

निवाई, (निसं)। इन्दिरा विस्तार कॉलोनी में फागोत्सव व भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने जमकर फूलों की होली खेली व श्याम बाबा के भजनों पर ठुमके लगाए। इस दौरान बाबा श्याम की फूलों से आकर्षक झांकी सजाई गई। भजन संध्या का शुभांरभ गायिका सुनिता बडागांव ने गणेश वंदना के साथ किया। गायिका सुनिता बडागांव ने सांची-सांची कह दे बाबा म्ह थारी कोण लांगू, नैणा नीचा कर ल श्याम न रिझावली कांई सहित कई भजन प्रस्तुत किए। गायक कलाकार सत्यनारायण गोयल ने श्रीराम जानकी बैठे है मेरे सीने में, गायक राजकुमार शर्मा ने कभी राम बनके कभी श्याम बनके चले आना प्रभुजी चले आना, अरी सखी मंगल गाओजी, गायक बालकिशन शर्मा ने कीर्तन की है रात बाबा आज थाने आनो है, सालासर वाले बाबा वीर हनुमाना, देना हो तो दीजिए जनम-जनम का साथ, बालाजी का लाड लडाव माता अंजना व छम छम नाचे देखो वीर हनुमाना सहित कई भजनों की प्रस्तुतियां दी। जिस पर श्रद्धालुओं ने जमकर भक्ति नृत्य किया। इस दौरान बाबा श्याम बाबा की महाआरती करके प्रसादी वितरित की गई। इस दौरान भगवान श्रीकृष्ण व राधाजी की सजीव झांकी सजाकर श्रद्धालुओं ने फूलो की होली खेलकर फागोत्सव धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर आयोजक समिति के पूर्व पार्षद बालकिशन शर्मा, लक्ष्मीचंद शर्मा, रामकिशन बहादुरपुरा, मुकेश अग्रवाल मित्रपुरा, गिरधारीलाल जैन पहाडी, मुकेशकुमार गुप्ता व नरेश बडागांव सहित कई कॉलोनीवासी श्रद्धालु मौजूद थे।

### भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन आज

चौमूं/कालाडेरा, ( निसं)। भाजपा विधानसभा क्षेत्र चौमूं के नगर और देहात मंडल के कार्यकर्ताओं के सम्मेलन का आयोजन 18 मार्च सोमवार को प्रात: 10 बजे रखा गया है। कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन रेनवाल रोड स्थित रजवाडा गॉर्डन चौमूं में किया जाएगा। कार्यकर्ता सम्मेलन में सीकर सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती और पूर्व विधायक रामलाल शर्मा लोकसभा चुनावों को लेकर कार्यकर्ताओं से चर्चा परिचर्चा करेंगे।


**TENDER FOR PROCUREMENT OF FOLLOWING WORK REQUIRED AT SAPTA SHAKTI CANTEEN**

Tenders are invited for procurement of following work at Sapta Shakti Canteen as under:-

| Sr.No | Particulars | Qty |
|---|---|---|
| 1 | Heavy Duty Pallet Rack As per Powder coated with 500-700 kg load capacity as follows<br>a) 26" X 6" X 24" Nos 01<br>b) 16" X 6" X 24" Nos 01<br>c) 14" X 6" X 24" Nos 01<br>d) 8" X 6" X 24" Nos 02 | 05 |
| 2 | Replacement of Existing tiles and replacement of new Gypsum tiles with existing frame of size 2'x2' incl labour charges | 168 |
| 3 | Electrical Wiring shifting in underground and provision of additional Bajaj LED lights of 6" & 15 watt with new wiring | 01 |
| 4 | Painting work incl. labour charges room size 20'x40' with properly filling of cracks surface leveling by putty and painted with Asian paint. | 01 |
| 5 | Removing of existing floor tiles and digging out the scrap of old material and replacement with New Johnson & Johnson tiles non skid of 2'x2' including fixing Material and labour charges approximate 850 sq ft including skating | 850 sqft |
| 6 | Wall Paneling by 12 mm ply board and cover up with laminated Sunmica sheets<br>Pillars 24" X 15" X 9" Nos 03<br>Pillars 5" X 15" X 9" Nos 03<br>Pillars 18" X 15" X 9" Nos 06 | 12 |
| 7 | Shifting of camera wire into 4U panels with provision of electrical point | |

Tender form should be submitted in a closed envelope at Sapta Shakti Canteen, Sawai Jai Singh Marg, Bani Park, Jaipur-302016. The last date of receipt of sealed tenders is 21 Mar 2024. Work completion report to be submitted by 31 Mar 2024. Contact No 9461095508

शोक समाचार



**निहाल माथुर की स्मृति में**

हम अपने प्यारे निहाल, सुपुत्र स्वर्गीय श्री सी.बी.एल. माथुर और स्वर्गीय डॉक्टर श्रीमती तारा माथुर, के निधन की दुखद खबर साझा करते हैं।

प्रार्थना सभा 18 मार्च, 2024 को धर्मार्थ संस्थान हॉल, शिव मार्ग, बानी पार्क, जयपुर में शाम 4:00 से 5:00 बजे आयोजित की जाएगी।

बहनें और बहनोईः रेखा-परमातम स्वरूप भटनागर, रेणु-सिद्धार्थ कंसल, बीना-योगेश बहादुर माथुर; बहनें: रीना और मीना माथुर; भांजे और भांजियां: मयंक, आशीष-अल्पना, मनीष-रवनीता, गौरव-मेघा, राधिका-अमित, रुचिका; पोते-पोती: अनिका, आदिया, अबीरा, रिधान, द्रुविका; नाती: वीरेन, दिवित

RSVP: 9414460554 / 9828060790 / 9928499071